# कार्यालय प्राचार्य/अग्रणी संस्था, दुर्ग

**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग,..**

**जिला– दुर्ग (छ0ग0) पिन कोड– 491001**

Industrial Training Institute

फोन – 07882211156 ईमेल– **itidurg@rediffmail.com**


क्रमांक –औप्रसं/दुर्ग/स्थाप./मेह.प्र/2026/909 /दुर्ग, दिनांक 12.05.2026

## / / संशोधन आदेश / /

नोडल संस्था के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2025 - 2026 के लिए व्यवसाय यवसाय विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी), स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रजी), वेल्डर, इन्फोमेशन टेक्नोलॉजी, डी.सी.एम. एवं एम्प्लॉबिलिटी स्किल के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु संवंधित व्यवसाय/विषय के प्रशिक्षण अधिकारी के स्वीकृत पदों के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) हेतु दिनांक 28.08.2025 को आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उक्त विज्ञापन में स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी/अंग्रेजी के पद भी विज्ञापित किए गए थे।

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन के अनुपालन में उक्त विज्ञापन में "अंकों का निर्धारण एवं चयन प्रक्रिया" के अंतर्गत केवल स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी/अंग्रेजी पद हेतु वर्णित बिंदु क्रमांक 01 एवं 02 को विलोपित किया जाता है तथा उनके स्थान **पर निम्नलिखित प्रावधान प्रतिस्थापित किया जाता है :-**

01. "मेहमान प्रवक्ता स्टेनोग्राफर/सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी/अंग्रेजी पद हेतु मेरिट का निर्धारण उक्त पदों के लिए निर्धारित गति की कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जावेगा।"

02. मूल्यांकन प्रक्रिया - मेहमान प्रवक्ता स्टेनोग्राफर/सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी एवं अंग्रेजी पद हेतु कौशल परीक्षा का मूल्यांकन निम्नानुसार होगा :-

(i) श्रुतलेख गति : 100 WPM की गति से श्रुतलेख।

(ii) ट्रांसक्रिप्शन समय :- हिन्दी - 45 मिनट, अंग्रेजी - 45 मिनट

(iii) त्रुटि मूल्यांकन - ट्रांसक्रिप्शन मूल आलेख (Dictated Passage) के अनुसार होना आवश्यक है। छोड़े गये शब्द अथवा अन्य शब्दों का जोड़ा जाना प्रत्येक को एक-एक त्रुटि मानी जायेगी।

(iv) पूर्ण विराम एवं चिन्हांकन को आधी त्रुटि मानी जायेगी।

(v) स्पेलिंग की त्रुटियॉं एक पूर्ण त्रुटि मानी जावेगी।

(vi) प्रत्येक पूर्ण त्रुटि पर एक अंक एवं आधी त्रुटि पर 0.5 (आधा) अंक काटा जावेगा।

अंतिम अंक निर्धारण - कौशल परीक्षा का पूर्णांक 100 अंक होगा तथा प्राप्तांक त्रुटियों के आधार पर कटौती उपरांत निर्धारित किए जाएंगे।

प्राचार्य<br>
अग्रणी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग<br>
जिला - दुर्ग (छ.ग.)